•••• D
वर्ष 24 | अंक 67 | पृष्ठ : 12
मूल्य : छह रुपये

6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

# अमर उजाला

संक्रमण से बचने का सबसे कारगर तरीका
न हाथ मिलाएं, न लगाएं गले...दूर से नमस्कार

देहरादून
शनिवार, 2 मई 2020

## न्यूज डायरी

# टेली कांफ्रेंसिंग से दी खेती बागवानी की जानकारी

चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)। लॉकडाउन के कारण परेशानी झेल रहे किसानों की मदद के लिए कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ द्वारा डायल आउट टेली कांफ्रेंसिंग सेवा शुरू की गई है। रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की गई इस सेवा के तहत कृषि विशेषज्ञों द्वारा जिले के किसानों के साथ सीधा संवाद किया जा रहा है। शुक्रवार को केंद्र के प्रभारी डॉ. पंकज नौटियाल ने टेली कांफ्रेंसिंग कर किसानों को रबी फसल की कटाई, कीटनाशकों के प्रयोग, खरीफ फसल सीजन की कार्ययोजना और केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर कमलेश गुरुरानी, डॉ. गौरव पपनै, नीरज जोशी मौजूद थे।